>

Title: Need to start production in Ordnance Factories set up in Nalanda Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): मेरे संसदीय क्षेत्र नालंदा के राजगीर में आयुध फैक्ट्री की तीन यूनिट बनी है जिसमें दो का चालू होने का प्रस्ताव है, लेकिन एक यूनिट जिसमें सबसे ज्यादा खर्च 1100 करोड़ रूपये आया है, अभी तक चालू नहीं हो पाया है जिससे फैक्ट्री का उत्पादन ठप्प है। इसको चालू किये जाने को लेकर मैंने बहुत प्रयास किये लेकिन अभी तक रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग ने कोई निर्णय नहीं लिया जिससे कर्मचारियों एवं अधिकारियों में भी असंतोष है। सरकार ने इसी सदन में यह आश्वासन दिया था कि इस आयुध फैक्ट्री में उत्पादन 2011 से शुरू हो जायेगा, लेकिन अभी तक इस पर अमल नहीं हो रहा है।

मैं सदन के माध्यम से सरकार से यह मांग करता हूँ कि आयुध फैक्ट्री की तीनों यूनिट को यथा शीघ्र चालू किये जाने की पहल इसी 2011 में शुरू करें एवं अपने आश्वासन को क्रियान्वित करें।